लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2236
उत्तर देने की तारीख : 15.03.2022

दरभंगा में वृद्धाश्रम

2236. श्री गोपाल जी. ठाकुर:

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या दरभंगा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दरभंगा शहर, जो एक संभागीय मुख्यालय भी है, में वृद्धाश्रम, भिक्षुक गृह और अल्प प्रवास गृह नहीं है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इसके अभाव में गरीब लोगों को सड़क किनारे या रेलवे स्टेशन पर रात बितानी पड़ती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार गरीबों, वृद्ध व्यक्तियों और भिखारियों के कल्याण के लिए दरभंगा में वृद्धाश्रम, भिक्षुक गृह, अल्प प्रवास गृह और खुला आश्रय स्थल स्थापित करने का है; और

(घ) यदि हां, तो इन्हें कब तक स्थापित कर दिए जाने की संभावना है?

उत्तर
सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
(सुश्री प्रतिमा भौमिक)

(क) से (घ): एकीकृत वरिष्ठ नागरिक कार्यक्रम (आईपीएसआरसी) स्कीम के अंतर्गत, कोई वृद्धाश्रम नहीं है और लाभवंचित व्यक्तियों के लिए आजीविका तथा उद्यम हेतु सहायता स्कीम (स्माइल) के अंतर्गत, दरभंगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दरभंगा शहर में कोई भिक्षुक गृह तथा अल्प-ठहराव गृह नहीं हैं। वर्तमान में, दरभंगा शहर में भिक्षुगृह, अल्प-ठहराव गृह तथा खुला आश्रय गृह को स्थापित करने का कोई प्रस्ताव मंत्रालय के पास लंबित नहीं है।

******